# बढ़ते कदम

प्रश्न:

1) चित्र मे दिखाई गए महापुरुष का नाम बताओ?

चित्र में दिखाई गए महापुरुष का नाम है. म. गांधी।

2) वे क्या कर रहे है?

वे लिख रहे है।

3) तुम्हे लिखना कैसा लगता है? अपने शब्दो मे बताओ।

मुझे लिखना उतना पसंद नही है। लिखने से ज्यादा मुझे पढ़ना पसंद है।

सुनो - बोलो

1) इस डायरी की घटनाओ के आधार पर बताओ समीना कैसी लड़की है?

1) समीना बहोत मेहनती लड़की है।
2) समीना को स्कूल जाना पसंद है।
3) समीना ध्यान लगाकर पढ़ाई करती है।
4) वह हर वक्त सच बोलती है।
5) उसको पढ़ाई के साथ - साथ खेलना भी पसंद है।

2) समीना के पाठशाला न जाने के क्या कारण है?

माँ की तबियत खराब होने के कारण और दिदी को काम में मदद चाहिए थी। इसलिए समीना स्कूल नहीं जा पाई।

3) तुम अपने पाठशाला में क्या क्या करते हो?

हम अपनी पाठशाला में पढ़ाई करने के साथ साथ खेल कुद करते है। मस्ती करते है। पढ़ाई में एक - दुसरे की मदद करते है।

4) समीना की कक्षा और तुम्हारी कक्षा में क्या अंतर है? बताओ।

समीना और मेरा सिर्फ वर्ग अलग है। बाकि हमारे कक्षा मे अंतर नहीं है।

5) इस पाठ को अपने शब्दों मे बताओ।

समीना दिन में जो जो करती है, या फिर जो घटनाएँ उसके साथ घटती है इनको अपनी डायरी में लिखती है।

20 सितंबर 2012 को कहती है की, माँ की तबियत आज बहोत अच्छी

है। माँ के तबियत के वजह से समीना एक सप्ताह स्कूल नहीं गई। आज भी नही जायेगी क्योंकी उसकी दिदि को उसकी मदद चाहिए। वह सोच रही है स्कूल में क्या क्या पढ़ाया होगा?

21 सितंबर 2012 को समीना स्कूल गई। बारिश की वजह से उसे देर हो गयी। सभी को लोमड़ी की कहानी लिखनी थी। अध्यापिकाजी ने समीना को पुछा के तुम स्कूल क्यों नहीं आयी तो समीना ने बताया। उसके बाद अध्यापिका ने समीना को रोज स्कूल आने के बारे में समझाया।

22 सितंबर 2012 को समीना पाठशाला समय पर पहुँची। पाठशाला में सरपंच जी आए थे। पाठशाला में समिति बैठक थी। प्रधानाध्यापक जी ने शिक्षा का अधिकार इस बारे में जानकारी दी। सरकार बच्चे पढ़े इस लिए सारी सुविधाए दे रही है। पुरा भारत हमें साक्षर करना है। घर लौटकर यह सारी बाते समीना ने माँ पापा को बताई।

पढो

अ) नीचे दिये गये वाक्य पढो। इनके अर्थ वाले वाक्य पाठ में रेखांकित करो।

1) मैं अपने मित्रों से मिलना चाहती हूँ।
ममता, रवि, शमीम से भी तो कई दिनों से नहीं मिली।

2) भय के कारण पुछ न सकी।
पहले डर के मारे पुछा नहीं।

3) सरपंच ने हमसे बात की।
प्रधानाध्यापक जी और सरपंच जी ने बारी बारी हमसे बातचीत की।

आ) नीचे दिये गये वाक्य पढो। इनमें से गलत शब्द पहचानो और वाक्य सही करो।

1) आज मैं पाठशाला खेलना चाहती है।
आज मैं पाठशाला जाना चाहती हूँ।

2) जब समय देखा तो बस बज चुके थे।
जब समय देखा तो दस बज चुके थे।

3) सब अपने अपने नाम में लग चुके थे।
सब अपने अपने काम में लग चुके थे।

4) कहानी बढ़ने को कहा।
कहानी पढ़ने को कहा।

5) सरकार का तारा है - "सब पढ़े — सब बढ़ें"
सरकार का नारा है - "सब पढ़े — सब बढ़ें"

3) नीचे दी गयी सुचना के आधार पर अनुच्छेद बनाओ।
नाम - समीना
आयु - तेरह वर्ष
कक्षा - आठवी
निवास - गांधी वीधि, पार्वतीपुरम, विजयनगरम
समीना की आयु तेरह वर्ष है। वह कक्षा आठवी में पढ़ती है। वह गांधी वीधि, पार्वतीपुरम, विजयनगरम में रहती है।

3) नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखो।
1) समीना के दोस्तों के नाम बताओ?
ममता, रवि और शमीम यह समीना के दोस्तों के नाम है।

2) समीना अध्यापक से डर रही थी। क्यो?
समीना बहुत दिनों बाद स्कूल गयी थी और स्कूल में लोमड़ी की कहानी लिखनी थी। समीना को कुछ समझ नहीं आ रहा था तो उसे लगा के अध्यापक उसे डाँटेगी। इसलिए समीना डर रही थी।

3) सब पढ़े - सब बढ़े इस नारे से तुम क्या समझते हो?
बच्चे भारत का भविष्य होते हैं। जब यह बच्चे पढ़ेंगे तो ही आगे बढ़ पायेंगे।

आ) प्राध्यापक जी ने बच्चों को क्या बताया होगा?
प्राध्यापक जी ने बच्चों से कहा होगा, अप्रैल 2010 से सरकार सभी बच्चों के लिए मतलब जिनकी आयु 6 वर्ष से 14 वर्ष है उनके लिए शिक्षा निःशुल्क पाने का अधिकार दे रही है। सायना ने पुछा के सरकार क्या क्या सुविधाँए दे रही है? तब उन्होंने कहा के सरकार पौष्टिक भोजन, बालिका शिक्षा, खेल की सामग्री, मैदान, पोषाक, निःशुल्क किताबे दे रही है।

शब्द भंडार -

अ) नीचे दिये गये शब्दों के वचन बदलो। वाक्य प्रयोग करो।

कहानी - मुझे पंचतंत्र की कहानियाँ पसंद है।

छुट्टी - स्कूल से हमे छुट्टियाँ मिली।

खुशी - हमें त्योहार मनाने से खुशीयाँ मिलती है।

ताली - बच्चों ने तालीयाँ बजाई।

समिति - वहाँ बहोत सारे समितीयों के लोग बैठे थे।

आ) वाक्य पढ़ो। रेखांकित शब्द के समानार्थक शब्द से वाक्य फिर से लिखो।

जैसे - मैं पाठशाला गयी।

उत्तर - मैं विद्यालय गयी।

1) आज माँ की तबीयत कुछ ठीक है।

आज माँ का स्वास्थ्य कुछ ठीक है।

2) बारिश रुकने तक देर हो गयी।

सावन रुकने तक देर हो गयी।

3) पहले डर के मारे पुछा नहीं।

पहले भय के मारे पुछा नहीं।

इ) पाठ में समीना के दोस्तों के नाम दिये गये हैं। तुम अपने दोस्तों के नाम लिखो।

अंकिता, स्नेहा, रुचिता, जागृती, दिशा यह सब मेरे दोस्त है।

सृजनात्मक अभिव्यक्ति

अ) अभी तुमने समीना कि डायरी पढ़ी। डायरी की कुछ घटनाएँ बताते हुए मित्र को पत्र लिखो।

मुंबई

राम शर्मा

प्रिय मित्र,

कुशल

मैंने आज समीना की डायरी पढ़के पूर्ण की समीनाने लिखा है उसकी माँ की तबियत ठिक न होने के कारण वह कई दिनों से स्कूल नहीं

गई है। उसे अपने दोस्तों से मिलना है, स्कूल में जो सिखाते हैं वह सब पढ़ना है। दुसरे दिन जब समीना स्कूल में आती है तब उसे देर होती है वहा सारे बच्चे लोमड़ी की कहानी लिख रहे होते हैं। समीना को कुछ समझ नहीं आता। डर के मारे अध्यापक से वह कुछ पुछ भी नहीं पाती।

उसके दुसरे दिन जब वह स्कूल जाती है तो पाठशाला में समिति की बैठक भरी हुयी थी। उसमें पता चलता है की सरकार जिनकी आयु 6 वर्ष से 14 वर्ष है उनको मुफ्त में शिक्षा प्रदान कर रही है। सरकार का नारा है "सब पढ़े - सब बढ़े"

बाकि तुम कैसे हो, दीदी, चाचा, चाची, उनको मेरा प्रणाम कहना।

तुम्हारा मित्र
राम शर्मा

प्रशंसा

अ) डायरी लिखना अच्छी आदत है, इस पर अपने विचार बताओ।

डायरी लिखना अच्छी आदत है। इसमें हम दिनमें जो जो हुआ वह सारी बाते लिखते है। क्या अच्छा हुवा क्या बुरा हुआ यह सारी बाते हम इसमें लिखते है। उसके वजह से हम आत्मपरिक्षण भी कर सकते है। हममें हर दिन सुधार आ जाता है।